अमर उजाला



# देसी शराब के ठेके पर बिक रही नकली शराब बरामद

मेरठ ब्यूरो

Updated Mon, 04 Nov 2019 12:03 AM IST

देसी शराब के ठेके पर बिक रही नकली शराब बरामद
गागलहेड़ी (सहारनपुर)।
पुलिस की नाक के नीचे देसी शराब के ठेके पर बिक रही नकली शराब को आबकारी विभाग की टीम ने छापा मार कर पकड़ा है। टीम ने मौके से नकली शराब के पव्वे हॉल मार्क, अप मिश्रित शराब के साथ तीन युवकों को भी मौके से हिरासत में लेते हुए ठेके पर ताला लगा दिया। आबकारी विभाग की कार्रवाई से शराब ठेका संचालकों में हड़कंप मचा है।
जिला आबकारी अधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि आबकारी निरीक्षक प्रवीण कुमार के नेतृत्व में आबकारी विभाग की टीम ने गागलहेड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम छाछरे की में स्थित देसी शराब के ठेके पर छापा मारा। जहां टीम को काफी समय से नकली शराब बेचे जाने की सूचना मिल रही थी। टीम को छापे के दौरान पांच लीटर अप मिश्रित शराब, नकली शराब से भरे 38 पव्वे, 213 नकली शराब के पव्वों के ढक्कन, नकली हॉलमार्क, सील आदि मौके से बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया टीम ने मौके पर मौजूद संदीप वालिया, विक्की, नदीम को हिरासत में लिया है। ये तीनों देसी शराब के ठेके पर सेल्समैन हैं। ये मौके से बरामद नकली सामान और शराब के बारे में कोई भी संतोष जनक जवाब नहीं दे सके।
टीम ने मौके से पकड़े गए तीनों लोगों को गागलहेड़ी थाना पुलिस को सौंप कर रिपोर्ट दर्ज करा दी। तीनों को जेल भेजा। साथ ही दुकान को निलंबित कर निरस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। आबकारी विभाग की कार्रवाई से क्षेत्र के ठेका संचालकों में हड़कंप मचा है।
उल्लेखनीय है कि फरवरी माह 2019 में गागलहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव कोलकी कलां, फकरेड़ा, बेहड़ी गुज्जर, शरबतपुर, माली आदि गांवों में नकली जहरीली शराब पीने से तीस से ज्यादा लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। आधा दर्जन लोगों की आंखों की रोशनी चली गई । उस समय भी स्थानीय पुलिस की लापरवाही उजागर हुई, लेकिन केवल काली नदी चौकी प्रभारी और स्टाफ को निलंबित कर मामले को शांत कर दिया । अब शराब माफिया फिर से सक्रिय हो गए हैं। पहले ये नकली शराब पन्नी के पाउच में उपलब्ध थी, लेकिन अब शराब तस्करों ने देशी शराब के खाली पव्वों में भर कर इसे बेचना शुरू कर दिया है। देखना है कि स्थानीय पुलिस प्रशासन इस पर पूर्ण पाबंदी लगा पाता है या नहीं।
Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/saharanpur/fake-wine-saharanpur-news-mrt4517511137